**प्रादेशिक समाचार**
**दिनांक – 12.11.2025 (संध्या–1900 बजे)**

## मुख्य समाचार

1. **राज्य मंत्रिपरिषद की बैठक में विकास और प्रशासनिक सुधार से जुड़े 18 प्रस्तावों को मिली मंजूरी, झारखंड विधानसभा का शीतकालीन सत्र 5 दिसंबर से 11 दिसंबर तक होगा आयोजित।**
2. **घाटशिला विधानसभा उपचुनाव की मतगणना की तैयारियाँ अंतिम चरण में, 14 नवंबर को 15 टेबल पर 20 राउंड में मतों की होगी गिनती।**
3. **झारखंड राज्य स्थापना दिवस के दूसरे दिन अबुआ आवास और प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभुकों का हुआ गृह प्रवेश, ग्राम सभाओं में अधूरे आवासों को शीघ्र पूरा करने की दिलाई गई शपथ।**
4. **भजपा 15 नवंबर को पूरे राज्य मे मनाएगी जनजातीय गौरव दिवस और भगवान बिरसा मुंडा की जयंती, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गुमला के चार नवनिर्मित एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय का करेंगे ऑनलाइन उद्घाटन।**
5. **राज्यपाल ने बिरसा कृषि विश्वविद्यालय के 8वें दीक्षांत समारोह में 1 हजार 21 छात्रों को प्रदान की उपाधि, युवाओं से कृषि, जल संरक्षण और ग्रामीण विकास में योगदान देने का किया आह्वान।**

****************

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में आज राज्य मंत्रिपरिषद की बैठक हुई। इस बैठक में राज्य के विकास और प्रशासनिक सुधार से जुड़े कुल 18 प्रस्तावों पर मुहर लगाई गई। बैठक के बाद कैबिनेट सचिव वंदना डाडेल ने बताया कि झारखंड विधानसभा का शीतकालीन सत्र 5 दिसंबर से शुरू होकर 11 दिसंबर तक चलेगा।

****************

घाटशिला विधानसभा उपचुनाव की मतगणना की तैयारियां अंतिम चरण में हैं और 14 नवम्बर को पूर्वी सिंहभूम जिले के को–ऑपरेटिव कॉलेज में कुल 15 टेबल पर 20 राउंड में मतों की गिनती होगी। मतगणना प्रक्रिया की पारदर्शिता और निष्पक्षता सुनिश्चित करने के लिए त्रिस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था और सीसीटीवी निगरानी लागू की गई है। इस के तहत जिला निर्वाचन पदाधिकारी कर्ण सत्यार्थी ने मतगणना दलों के प्रशिक्षण सत्र में पर्यवेक्षकों, सहायकों और माइक्रो ऑब्जर्वरों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिए।

****************

झारखंड स्थापना दिवस समारोह के दूसरे दिन राज्यभर में कई कायक्रमों का आयोजन हुआ। लोहरदगा में अबुआ आवास और प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभुकों का गृह प्रवेश कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें सांसद सुखदेव भगत, विधायक डॉक्टर रामेश्वर उरांव और उपायुक्त डॉक्टर कुमार ताराचंद मौजूद रहे। इस अवसर पर सांसद भगत ने कहा कि राज्य सरकार गरीबों के कल्याण और आमजनों के रोटी, कपड़ा और मकान के सपनों को साकार करने के लिए विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का संचालन कर रही है। वहीं उपायुक्त ने बताया कि जिले में 60–70 प्रतिशत आमजन अबुवा आवास, प्रधानमंत्री आवास, अंबेडकर आवास और मछुआरा आवास योजना का लाभ प्राप्त कर चुके हैं।

इधर जामताड़ा जिले में भी झारखंड स्थापना की रजत जयंती के अवसर पर सभी प्रखंडों में प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभुकों को गृह प्रवेश कराया गया। इस दौरान पंचायतों में ग्राम सभाओं के माध्यम से अधूरे आवासों को शीघ्र पूरा करने की शपथ भी दिलाई गई।

****************

भारतीय जनता पार्टी 15 नवंबर को पूरे राज्य में जनजातीय गौरव दिवस और भगवान बिरसा मुंडा की जयंती मनाएगी। इसके तहत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गुमला जिले के विभिन्न प्रखंडों में बनने वाले चार नवनिर्मित एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालयों का ऑनलाइन उद्घाटन करेंगे। आज जिले के उप विकास आयुक्त दिलेश्वर महतो और अन्य अधिकारियों ने आज सिसई स्थित एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय का दौरा कर ऑनलाइन उद्घाटन समारोह की तैयारियों का जायजा लिया।

****************

जनजातीय गौरव दिवस और भगवान बिरसा मुंडा की जयंती के तहत आज भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने एक प्रेस वार्ता कर बताया कि इस अवसर पर रांची और खूंटी में मुख्य समारोह आयोजित होंगे, जबकि अन्य जिलों में भी अलग–अलग कार्यक्रम होंगे। श्री मरांडी कहा कि भाजपा ने हमेशा आदिवासियों के विकास और सम्मान के लिए कार्य किया है, जिसका उदाहरण आदिवासी मंत्रालय की स्थापना और जनजातीय गौरव दिवस की शुरुआत है।

वहीं भाजपा के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष आदित्य साहू ने कहा कि इस अवसर पर 14 नवंबर को जनजातीय शहीद महापुरुष की प्रतिमा की साफ–सफाई और 15 नवंबर को दीपोत्सव मनाया जाएगा। वहीं हजारीबाग के सांसद मनीष जायसवाल ने बताया कि सरदार पटेल की 150वीं जयंती के तहत युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय के माध्यम से हजारीबाग, बरही और रामगढ़ में विकसित भारत पदयात्राएँ आयोजित की जाएंगी

****************

आज लोक सेवा प्रसारण दिवस है। यह दिवस हर वर्ष 12 नवंबर को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के आकाशवाणी से दिए गए ऐतिहासिक संबोधन के उपलक्ष्य में मनाया जाता है। एक रिपोर्ट

****************

राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने रांची के बिरसा कृषि विश्वविद्यालय के 8वें दीक्षांत समारोह में 1021 विद्यार्थियों और शोधार्थियों को उपाधि प्राप्ति पर बधाई दी और उन्हें नई यात्रा की शुरुआत के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर राज्यपाल ने झारखण्ड की कृषि उपलब्धियों, जल संरक्षण, फसल विविधीकरण, पशुपालन और मधुमक्खी पालन जैसे क्षेत्रों में संभावनाओं पर बल देते हुए प्रदेश की युवा शक्ति को देश के विकास में अग्रणी बताया। उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे अपनी जड़ों, गाँव और किसान से जुड़े रहें और विश्वविद्यालय के ब्रांड एम्बेसडर बनें।

****************

लातेहार जिले में टूरिज्म एवं नेचुरल एंड हयूमन रिसोर्स द्वारा लातेहार जिले में पर्यटन को नई दिशा देने का प्रयास किया जा रहा है। विस्तृत ब्योरा दे रहे हैं हमारे संवाददाता–

****************

लातेहार में जनमुक्ति परिषद (जेजेएमपी) के दो उग्रवादी ब्रजेश यादव और अवधेश लोहरा ने पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण किया। पलामू के आईजी शैलेंद्र कुमार सिन्हा, लातेहार एसपी कुमार गौरव, सीआरपीएफ 11वीं बटालियन और एसएसबी 32वीं बटालियन के कमांडेंट ने उनका स्वागत करते हुए अन्य उग्रवादियों से भी आत्मसमर्पण करने की अपील की। आईजी शैलेंद्र कुमार सिन्हा ने बताया कि जिले में अब केवल चार से पांच नक्सली बचे हैं और मार्च 2026 तक लातेहार को पूरी तरह नक्सल मुक्त बनाने का लक्ष्य रखा गया है।

*****************